आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 12.07.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – रोज़गार मेला, विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- राज्य में बिना पंजीकरण या नवीनीकरण के चिकित्सा पद्धति अपनाने वाले डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- प्रदेश में मूसलाधार बारिश और प्राकृतिक चुनौतियों के बावजूद चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी। अब तक 38 लाख 64 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए।
- और... सरकार के 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत हरिद्वार पुलिस ने कांवड़ मेला क्षेत्र में 18 फर्जी बाबाओं को गिरफ्तार किया।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में 51 हज़ार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोज़गार मेले को संबोधित कर रहे थे।

सख्त कार्रवाई निर्देश

राज्य में बिना पंजीकरण या बिना नवीनीकरण के चिकित्सा प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे डॉक्टरों के प्रमाणपत्रों की जांच कर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी अपंजीकृत डॉक्टर चिकित्सा सेवाएं न दे।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा परिषद को सभी पंजीकृत डॉक्टरों की अद्यतन सूची जनपदों को भेजने और अपंजीकृत डॉक्टरों की सूची सार्वजनिक करने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा, डॉक्टरों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को ऑनलाइन और अधिक सरल बनाने की पहल भी शुरू कर दी गई है।

नियमों की अवहेलना करने पर संबंधित डॉक्टरों को नोटिस जारी करने या सेवा से पृथक करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिलों से साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट शासन को भेजने को कहा गया है।

स्वास्थ्य सचिव ने स्पष्ट किया कि भविष्य में राज्य में इलाज केवल पंजीकृत और प्रमाणित चिकित्सकों से ही संभव होगा, ताकि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता न हो।

जनजाति कल्याण व उत्थान

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में जिला सभागार में पीएम–जनमन और धरती आबा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार की इन योजनाओं का उद्देश्य जिले की राजी जनजाति को मुख्यधारा से जोड़ना और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करना है।

बैठक के दौरान श्री गोस्वामी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे संबंधित योजनाओं का लाभ राजी जनजाति के लोगों को शीघ्र उपलब्ध कराएं। बैठक में यह भी तय किया गया कि राजी जनजाति के गांवों में मेडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे ताकि उन्हें नियमित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

पंचायत चुनाव

आगामी पंचायत चुनाव के लिए पिथौरागढ़ के एलएसएम कॉलेज परिसर में चुनाव कार्मिकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू हो गया है। जिले के आठों विकासखंडों के लिए अलग–अलग समूह बनाकर उन्हें दो चरणों में मतदान संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा कार्मिकों को व्यावहारिक और मौखिक रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि सभी पीठासीन अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके जाने के बाद विकासखंड स्तर पर अंतिम प्रशिक्षण दिया जाएगा।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में मूसलाधार बारिश और प्राकृतिक चुनौतियों के बावजूद चारधाम यात्रा जोर–शोर से जारी है। अब तक 38 लाख 64 हजार से अधिक श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, कल तक बद्रीनाथ में 15 लाख 4 हजार 276, केदारनाथ में 13 लाख 46 हजार 831, गंगोत्री में 5 लाख 97 हजार 521, यमुनोत्री में 10 लाख 2 हजार और हेमकुंड साहिब में 2 लाख 10 हजार 90 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

यात्रा के दौरान अब तक 169 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से 143 की मृत्यु खराब स्वास्थ्य के कारण, 15 की अन्य कारणों से और 5 की प्राकृतिक आपदा के कारण हुई। इसके अलावा 5 लोग घायल हैं और 1 लापता है। प्रशासन ने मौसम खराब होने की स्थिति में तीर्थयात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और स्थानीय दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है।

'ऑपरेशन कालनेमि'

प्रदेश सरकार के 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत हरिद्वार पुलिस ने कांवड़ मेला क्षेत्र में गश्त व चेकिंग के दौरान 18 ऐसे व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जो फर्जी बाबा था सपेरे के वेश में यात्रियों को रोककर तंत्र–मंत्र, जादू–टोना आदि की झांसा देकर भ्रमित कर रहे थे। श्यामपुर थाना प्रभारी नितेश शर्मा का कहना है कि श्रावण कांवड़ मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

स्मार्ट आगनवाड़ी केंद्र

पौड़ी जिला मुख्यालय के पूल्ड हाउस स्थित आंगनवाड़ी केंद्र को अब एक नए रूप में विकसित किया गया है। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक संस्था के सहयोग से इसे 'स्मार्ट आंगनवाड़ी केंद्र' के रूप में तैयार किया गया है। करीब 18 लाख रुपये की लागत से बने इस केंद्र में बच्चों के लिए आकर्षक शैक्षिक पेंटिंग, डिजिटल उपकरण, एलईडी टीवी, इंटरनेट सुविधा, खेलने की सामग्री, दो चाइल्ड फ्रेंडली वॉशरूम, किचन, स्टोर और कार्यकर्ताओं के लिए अलग कक्ष की व्यवस्था की गई है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र थपलियाल ने बताया कि पहले केंद्र की स्थिति ठीक नहीं थी, जिससे अभिभावक बच्चों को भेजने में संकोच करते थे। अब स्मार्ट आंगनवाड़ी बनने के बाद बच्चों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अन्य क्षेत्रों में भी इसी मॉडल पर काम किया जाएगा।

एक अभिभावक सुजीता ने कहा कि आंगनवाड़ी में दी जा रही सुविधाएं बच्चों को आकर्षित कर रही हैं, जिससे उनका मानसिक विकास भी हो रहा है।

आंगनवाड़ी कार्यकत्री रिंकी रावत ने बताया कि केंद्र में बच्चों के लिए शिक्षा और मनोरंजन की सभी जरूरी सुविधाएं हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने 16 जुलाई तक राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने कल के लिए देहरादून, नैनीताल और बागेश्वर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट तथा राज्य के शेष जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में राज्य में कहीं कहीं भारी बारिश का अनुमान है।